सेट–3

# हाईस्कूल परीक्षा सत्र : 2019–20

## प्रतिदर्श प्रश्नपत्र – कक्षा–10
## विषय–प्रारम्भिक हिन्दी
## केवल प्रश्नपत्र

(केवल नियमानुसार अनिवार्य हिन्दी से छूट पाये परीक्षार्थियों के लिए)

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**निर्देशः** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**1.** क) शुक्ल युग के निबन्धकार है– 1

i) पदुमलाल पुन्ना लाल बख्शी

ii) रामकुमार वर्मा

iii) रामनरेश त्रिपाठी

iv) महादेवी वर्मा।

ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी एक लेखक का नाम लिखिए। 1

i) शेखरः एक जीवनी

ii) रंगभूमि

iii) कलम का सिपाही

iv) उर्वशी।

ग) 'चिन्तामणि' किसका निबन्ध संग्रह है? 1

घ) रामधारी सिंह 'दिनकर' की किसी एक रचना का नाम लिखिए। 1

ङ) शुक्लोत्तर युग की समय सीमा बताइए। 1

**2.** क) निम्नलिखित रचनाओं में से किन्हीं दो रचनाकारों के नाम लिखिए। 2

i) रामचन्द्रिका

ii) उद्धव–शतक

iii) कश्मीर सुषमा

iv) कामायनी।

ख) रीतिकाल के किन्ही तीन कवियों के नाम लिखिए। 1+1+1=3

**3.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2+4+2=8

हँसमुख चेहरा, बातचीत का ढ़ंग, थोड़ी चतुराई या साहस– ये ही दो चार बातें किसी में देखकर लोग चटपट उसे अपना बना लेते हैं। हम लोग यह नहीं सोचते कि मैत्री का उद्देश्य क्या है तथा जीवन के व्यवहार में उसका कुछ मूल्य भी है। यह बात हमें नहीं सूझती कि <u>यह एक ऐसा साधन है, जिससे आत्मशिक्षा का कार्य बहुत सुगम हो जाता है। एक प्राचीन विद्वान का वचन है– 'विश्वासपात्र मित्र से बड़ी रक्षा रहती है, जिसे ऐसा मित्र मिल जाए उसे समझना चाहिए कि खजाना मिल गया।</u>

i) उपरोक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

iii) सामान्यतया लोग व्यक्ति में क्या गुण देखकर मित्रता कर लेते हैं?

अथवा

"हे भगवान! तब के लिए! विपद के लिए! इतना आयोजन। परमपिता की इच्छा के विरूद्ध इतना साहस! पिता जी क्या भीख न मिलेगी? क्या कोई हिन्दू भू–पृष्ठ पर न बचा रह जाएगा, जो ब्राह्मण को दो मुट्ठी अन्न दे सके? यह असम्भव है। फेर दीजिए पिता जी, मैं काँप रही हूँ– इसकी चमक आँखों को अन्धा बना रही है।"

i) उपरोक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

iii) ममता के पिता ने ऐसा क्या किया, जो ममता को परमपिता के इच्छा के विरूद्ध लगा?

**4.** निम्नलिखित पद्यांश का सन्दर्भ सहित अर्थ लिखिए:– 2+6=8

चरन–कमल बन्दौं हरि राई।
जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै, अंधे कौ सब कुछ दरसाइ।।
बहिरौ सुनै, गूँग पुनि बोलै, रंक चलै सिर छत्र धराइ।
सूरदास स्वामी करुनामय, बार–बार बंदौं तिहि पाई।।

अथवा

बुन्देले हरबोलों के मुख, हमने सुनी कहानी।
खूब लड़ी मरदानी वह थी, झाँसी वाली रानी।।
यह समाधि, यह चिर समाधि है, झाँसी की रानी की।
अन्तिम लीलास्थली यही है, लक्ष्मी मरदानी की।।

**5.** क) निम्नलिखित अवतरण का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए– 2+4=6

एषा नगरी भारतीय संस्कृतेः संस्कृतभाषायाश्च केन्द्रस्थलम अस्ति। इत एव संस्कृतवाङ्मयस्य संस्कृतेश्च आलोकः सर्वत्र प्रसृतः। मुगलयुवराजः दाराशिकोहः अत्रागत्य भारतीय–दर्शन–शास्त्राणाम् अध्ययनम् अकरोत्। स तेषां ज्ञानेन तथा प्रभावितः अभवत्, यत् तेन उपनिषदाम् अनुवादः पारसीभाषायां कारितः।

अथवा

माता गुरुतरा भूमेः खात् पितोच्चतरस्तथा।
मनः शीघ्रतरं वातात् चिन्ता बहुतरी तृणात्।।

ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में लिखिए– 1+1=2

i) ग्रामीणान् कः उपाहसत?

ii) वाराणसी नगरी कस्याः नद्याः कूले स्थिता?

iii) नीर–क्षीर–विषये हंसस्य का विशेषता अस्ति?

iv) संस्कृतेः अर्थः कः?

**6.** क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का जीवन परिचय दीजिए तथा उनकी दो प्रमुख रचनाओं के नाम बताइए– 2+1=3

i) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

ii) डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद

iii) डॉ0 भगवतशरण उपाध्याय।

ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक का जीवन परिचय लिखिए तथा उनकी दो प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए– 2+1=3

i) सूरदास

ii) रामनरेश त्रिपाठी

iii) सुभद्रा कुमारी चौहान।

**7.** क) हास्य रस की परिभाषा लिखिए तथा एक उदाहरण भी प्रस्तुत कीजिए। 1+1=2

ख) रुपक अथवा उत्प्रेक्षा अलंकार की सोदाहरण परिभाषा लिखिए। 1+1=2

ग) दोहा छन्द के लक्षणों का उल्लेख करते हुए एक उदाहरण भी दीजिए। 1+1=2

**8.** क) निम्नलिखित में से किसी एक पद का समास–विग्रह कीजिए तथा समास का नाम भी बताइए– 1+1=2

i) सत्पुरुष

ii) नीलकमल

iii) चक्रधर

ख) निम्नलिखित मुहावरों तथा लोकोक्तियों में से किन्हीं दो का अर्थ स्पष्ट करते हुए, अपने वाक्य में उनका प्रयोग कीजिए– 1+1=2

i) अपने पैरों पर खड़ा होना

ii) रंग बदलना

iii) ऊँट किस करवट बैठता है

iv) आँच न आने देना।

ग) निम्नलिखित में से किसी एक के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए— 1+1=2

i) चन्द्रमा

ii) आकाश

iii) गणेश

iv) माता।

घ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो की पहचान कर लिखिए कि वे किस प्रकार के शब्द हैं—तत्सम या तद्भवः 1+1=2

i) पत्थर

ii) अग्नि

iii) बालक

iv) मित्र।

ङ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो के विपरीतार्थक शब्द लिखिए— 1+1=2

i) प्रगति

ii) गुण

iii) निर्बल

iv) यथार्थ

च) निम्नलिखित वाक्यांशों में से किन्ही दो के लिए एक—एक शब्द लिखिए— 1+1=2

i) जिसे कोई भय नहीं है

ii) ऊपर की ओर जाने वाला

iii) अपराधों से सम्बन्धित

iv) झूठ बोलने वाला।

**9.** क) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द में सन्धि–विच्छेद कीजिए और सन्धि का नाम भी बताइए– 1

i) प्रत्युपकारः

ii) यद्यपि

iii) सदैव

ख) 'फल' अथवा 'मति' शब्द की षष्ठी विभक्ति का बहुवचन लिखिए। 1

ग) 'तत्' अथवा 'युष्मद' शब्द के चतुर्थी विभक्ति के एकवचन का रुप लिखिए। 1

घ) निम्नलिखित में से किसी एक की धातु, लकार, पुरुष तथा वचन का उल्लेख कीजिए। 1

पठेयुः, अहसम्, पश्यति।

**10.** निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबन्ध लिखिएः– 8

i) हमारा प्यारा भारतवर्ष

ii) भारत रत्न डॉ0 अब्दुल कलाम

iii) समाचार–पत्र

iv) विज्ञान : अभिशाप–वरदान

v) सड़क सुरक्षा

vi) सादा जीवन : उच्च विचार

vii) परहित सरिस धरम नहीं भाई।

*****